**बिहार सरकार**
**अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय**
**(योजना एवं विकास विभाग)**

पत्रांक–जी०सां०–05/2024 43 /पटना, दिनांक– 03/09/25

## आदेश

योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–1305 दिनांक–02.09.2025 द्वारा बिहार जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2025 के तहत मूल नियमावली (बिहार जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियमावली, 1999) के नियम 9 के उप नियम (2) में "जिला रजिस्ट्रार या जिला सांख्यिकी पदाधिकारी" शब्द के पश्चात् "या मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म और मृत्यु) द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अन्य पदाधिकारी" शब्द अन्तः स्थापित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि मूल नियमावली के नियम 9 के उप नियम 2 के तहत "जिस जन्म या मृत्यु की विलम्बित सूचना, उसके होने के 30 (तीस) दिन के पश्चात किन्तु एक वर्ष के भीतर, रजिस्ट्रार को दी जाए वह केवल जिला रजिस्ट्रार या जिला सांख्यिकी पदाधिकारी की लिखित अनुज्ञा पर और विहित विलम्ब फीस के भुगतान पर तथा प्ररूप संख्या–14 में स्व–अभिप्रमाणित दस्तावेज को इलेक्ट्रॉनिकी रूप से या अन्यथा प्रस्तुत करने पर रजिस्ट्रीकृत किये जाने का प्रावधान है।"

अतएव, बिहार जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2025 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नियम 9 के उप नियम (2) में निहित प्रावधान "या मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म और मृत्यु) द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अन्य पदाधिकारी" के तहत "प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी/प्रभारी प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी" को प्राधिकृत किया जाता है।

विश्वासभाजन

3/9/25

(रणजीत कुमार)
निदेशक
–सह–
मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म और मृत्यु)

RULE KARYAWAHI E

ज्ञापांकः जी०सां०–05 / 2024 1313 / पटना, दिनांक 03/09/25

प्रतिलिपिः भारत के महारजिस्ट्रार / उप महारजिस्ट्रार (सी०आर०एस०), भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, 2 / ए, मानसिंह रोड, नई दिल्ली–110011 / निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, 8वां तल, सी–जी ब्लॉक, कर्पूरी ठाकुर सदन, आशियाना–दीघा रोड, पटना–800025 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

3/9/25

निदेशक

–सह–

मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म और मृत्यु)

ज्ञापांकः जी०सां०–05 / 2024 1313 / पटना, दिनांक 03/09/25

प्रतिलिपिः मुख्य सचिव, बिहार / विकास आयुक्त, बिहार / अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / विभागाध्यक्ष, सभी विभाग, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

3/9/25

निदेशक

–सह–

मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म और मृत्यु)

ज्ञापांकः जी०सां०–05 / 2024 1313 / पटना, दिनांक 03/09/25

प्रतिलिपिः संयुक्त निदेशक (प्रशासन) / सभी संयुक्त निदेशक / उप निदेशक / सहायक निदेशक, अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

3/9/25

निदेशक

–सह–

मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म और मृत्यु)

ज्ञापांकः जी०सां०–05 / 2024 1313 / पटना, दिनांक 03/09/25

प्रतिलिपिः कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना / नोडल पदाधिकारी (जन्म और मृत्यु), पंचायती राज विभाग / नगर विकास एवं आवास विभाग / राज्य स्वास्थ्य समिति (स्वास्थ्य विभाग) / ICDS निदेशालय, समाज कल्याण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

3/9/25

निदेशक

–सह–

मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म और मृत्यु)

ज्ञापांकः जी०सां०—05/2024 1313 / पटना, दिनांक 03/09/25

प्रतिलिपिः सभी जिला दण्डाधिकारी/जिला पदाधिकारी—सह—जिला रजिस्ट्रार (जन्म और मृत्यु), बिहार/प्रमंडलीय उप निदेशक (सांख्यिकी), बिहार/जिला सांख्यिकी पदाधिकारी—सह—अपर जिला रजिस्ट्रार (जन्म और मृत्यु), बिहार/नगर आयुक्त/अनुमण्डल दण्डाधिकारी/कार्यपालक दण्डाधिकारी/प्रखंड विकास पदाधिकारी—सह—अपर जिला रजिस्ट्रार (जन्म और मृत्यु), बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।—

3/9/25

निदेशक
—सह—
मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म और मृत्यु)

ज्ञापांकः जी०सां०—05/2024 1313 / पटना, दिनांक 03/09/25

प्रतिलिपिः सभी असैनिक शल्य चिकित्सक —सह— मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी/अधीक्षक/उपाधीक्षक, चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बिहार/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/ कार्यपालक पदाधिकारी (नगर परिषद्/छावनी परिषद्/नगर पंचायत)/ सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी/अवर सांख्यिकी पदाधिकारी/प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी/ रजिस्ट्रार (जन्म और मृत्यु)/उप—रजिस्ट्रार (जन्म और मृत्यु), बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

3/9/25

निदेशक
—सह—
मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म और मृत्यु)

ज्ञापांकः जी०सां०—05/2024 1313 / पटना, दिनांक 03/09/25

प्रतिलिपिः आई0 टी0 मैनेजर, योजना एवं विकास विभाग को विभागीय बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

3/9/25

निदेशक
—सह—
मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म और मृत्यु)

मनोज